तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था की जिला समिति का ...



8 छत्तीसगढ़ में ईडब्ल्यूएस आरक्षण को प्रभावी...



## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सुपेला पुलिस द्वारा टाउन पेट्रोलिंग एवं अपराध जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन रोड क्षेत्र में रमण मोहल्ला, सुपेला निवासी अभय गजभिये को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने धारदार लोहे का चापड़ जब्त किया है।

### तेज आवाज में बजा रहे थे डीजे, हुई कार्रवाई

**भिलाई।** कोलाहल अधिनियम के तहत चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार्रवाई किया है। पुलिस ने बताया कि धन्वंतरी अस्पताल के सामने अग्रसेन चौक, नेहरू नगर में चेकिंग चल रही थी। डीजे वाहन सार्वजनिक स्थान पर बिना सक्षम अनुमति के बजा रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और डीजे संचालक द्वारा वैध अनुमति पेश नहीं करने पर कार्रवाई की गई। ग्राम हथबंद डोंगकरिया, तहसील सिमगा, जिला बलौदा बाजार निवासी मालिकराम जैसवाल को पकड़ा गया। उसके पास से डीजे सिस्टम वाहन बरामद किया गया।

### मकान में चोरी करने वाली महिला से 3.42 लाख का सामान जब्त

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बंद मकान में चोरी की घटना को अंजाम देकर नवापारा, शीतला मंदिर के पास दुर्ग निवासी महिला जागेश्वरी मार्कण्डेय को पकड़ा गया। महिला से पूछताछ करने पर पति के साथ मिलकर मकान में चोरी करना स्वीकार किया।

### कर्मी की मौत, 40 लाख मुआवजे लिए प्रदर्शन

**भिलाई।** साईं इंफ्रा (इंड़िया) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में अचानक चक्कर आकर गिरने से कर्मी की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि हथखोज स्थित साईं इंफ्रा में ग्राम ढौर जामुल निवासी उपेन्द्र साहू काम करता था। काम करते समय अचानक चक्कर आकर उपेन्द्र गिर पड़ा। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। मौजूद लोगों ने उपेन्द्र को तुरंत अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों को घटना की सूचना मिलने पर फैक्ट्री के सामने लोगों ने जमकर प्रदर्शन कर मृतक को 40 लाख रुपए मुआवजा की मांग प्रबंधन से किया। भिलाई-3 पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन समाप्त कराने का प्रयास किया। शव को पीएम के लिए भेजा गया लेकिन उसका रिपोर्ट भी नहीं मिल पाया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण को बताया जा सकता है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## छत्तीसगढ़ की आत्मा, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का महासंगम है राजिम कल्पकुंभ

### धर्म स्तंभ काउंसिल व निर्वाणी अखाड़ा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए हुई विशेष व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर आयोजित हो रहा राजिम कुंभ सनातन संस्कृति, शाही स्नान परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का विराट महापर्व है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और सनातन मूल्यों का जीवंत प्रतीक भी है। राजिम कुंभ के अवसर पर धर्म स्तंभ काउंसिल एवं राम जानकी मंदिर, नर्मदा कुण्ड (निर्वाणी अखाड़ा) की ओर से बेमेतरा जिले सहित दूर-दराज़ से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। राम जानकी मंदिर, नर्मदा कुण्ड के महंत सुरेंद्र दास ने जानकारी देते हुए बताया कि कुंभ अवधि में निर्वाणी अखाड़ा के टेंट में श्रद्धालुओं के ठहराव, सेवा, भोजन एवं मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि राम जानकी मंदिर नवागढ़ एवं नर्मदा कुण्ड की ओर से धार्मिक निशान (ध्वज) के साथ महंत सुरेंद्र दास एवं डॉ. सौरव निर्वाणी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था राजिम कुंभ के लिए प्रस्थान करेगा।



#### आध्यात्मिक चेतना का सशक्त प्रतीक है कल्पकुंभः निर्वाणी

इस अवसर पर धर्म स्तंभ काउंसिल के डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि राजिम कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सनातन पहचान, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना का सशक्त प्रतीक है। यह महापर्व समाज को धर्म, संस्कृति और सेवा के सूत्र में बाँधने का कार्य करता है। उन्होंने नई पीढ़ी से आह्वान किया कि वे राजिम कुंभ जैसे आयोजनों से जुड़ें, ताकि हमारी आध्यात्मिक विरासत सुरक्षित और सशक्त रूप में आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचे। धर्म स्तंभ काउंसिल ने साधु-संतों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राजिम कुंभ को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

#### संतों के लिए भी हुईं विशेष व्यवस्थाएं

महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि राजिम संगम की पावन भूमि आत्मशुद्धि, साधना और सनातन एकता का अनुपम अवसर प्रदान करती है। यहां किया गया स्नान, जप, दान और सेवा अनंत पुण्य फलदायी होता है। धर्म स्तंभ काउंसिल की ओर से साधु-संतों, महंतों एवं अखाड़ा परंपरा से जुड़े संतों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं।

## कार्रवाई

### नियमों की अवहेलना पर प्रशासन ने गठित की संयुक्त जांच टीम

## ढोकला ईंट भट्ठा मामला में जांच टीम गठित होते ही मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत ताला के आश्रित ग्राम ढोकला स्थित चिमनी ईंट भट्ठा एक बार फिर विवादों में घिर गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बिना वैधानिक अनुमति ईंट निर्माण, तय दूरी मानकों के उल्लंघन और स्वीकृत क्षेत्र से अधिक भूमि पर विस्तार की शिकायतों के बाद कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम का गठन कर दिया गया है। जांच टीम गठित होने की जानकारी मिलते ही भट्ठा संचालक में हड़कंप मच गया और विस्तारित क्षेत्र में डंप लाखों ईंटों को तेजी से हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

> ■ सीटीओ से पहले लाखों ईंटों का निर्माण, जांच से पहले डंप ईंटें समेटने में जुटा संचालक

बताया जा रहा है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ (संचालन हेतु सहमति) प्राप्त किए बिना ही भट्ठा संचालक ने 18 से 20 लाख कच्ची ईंटों का निर्माण कर लिया था। इन ईंटों को 20 एकड़ से अधिक भूमि पर डंप किया गया, जबकि ग्राम पंचायत से केवल 2 हेक्टेयर क्षेत्र में ईंट निर्माण की एनओसी ली गई थी। यह सीधा-सीधा नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है।



### जांच से पहले सबूत 'समेटने' की कोशिश

जैसे ही जांच टीम के गठन की सूचना सामने आई, भट्ठा संचालक द्वारा डंप ईंटों को पकाने के लिए बनाए गए चेंबरों में भरना शुरू कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक भट्ठा परिसर में 22 चेंबर बनाए गए हैं, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 90 हजार से 1 लाख ईंट पकाने की है। नाम न छापने की शर्त पर एक मजदूर ने बताया कि लगभग 85 प्रतिशत ईंटें पहले ही चेंबरों में भरी जा चुकी हैं, ताकि जांच के दौरान विस्तारित क्षेत्र में डंप ईंट नजर न आएं।

**ओपन जेल के पास भट्ठा, दूरी मानकों की अनदेखीः** ढोकला स्थित चिमनी ईंट भट्ठा का विस्तारित कार्य क्षेत्र ओपन जेल से महज लगभग 90 मीटर की दूरी पर बताया जा रहा है। नियमानुसार आवासीय और संवेदनशील क्षेत्रों से ईंट भट्ठा कम से कम 500 मीटर से 1 किलोमीटर दूर होना चाहिए। इसके अलावा लीज क्षेत्र से भी दूरी तय मानकों से कम बताई जा रही है, जिस पर जांच टीम विशेष ध्यान दे सकती है।

### चार विभागों की संयुक्त जांच

कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच टीम में खनिज विभाग, पर्यावरण विभाग, राजस्व और वन विभाग के अधिकारी शामिल किए गए हैं। टीम को ईंट भट्ठा संचालन से जुड़े सभी दस्तावेजों—एनओसी, भूमि उपयोग परिवर्तन, खनन अनुमति, पर्यावरणीय स्वीकृति और दूरी मानकों—की गहन जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

इस प्रकरण में पहले भी शिकायत के आधार पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेंट्रल जोन भोपाल के निर्देश पर संयुक्त जांच की गई थी। उस दौरान नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर भट्ठा संचालक पर जुर्माना लगाया गया था। इसके बावजूद गतिविधियां जारी रहने से अब प्रशासन की सख्ती पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

### ईंट भट्ठा संचालन के लिए ये अनुमतियां अनिवार्य

नियमों के अनुसार ईंट भट्ठा संचालन के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीई व सीटीओ, जिला प्रशासन से लाइसेंस, खनिज विभाग से मिट्टी खनन की अनुमति, पर्यावरणीय मंजूरी, भूमि उपयोग परिवर्तन, वन विभाग की एनओसी (यदि लागू हो), तय दूरी मानकों का पालन, 30 मीटर से अधिक ऊंची चिमनी, जी-जैग तकनीक और ग्रीन बेल्ट अनिवार्य है। इस मामले में इन मानकों की अनदेखी के आरोप सामने आए हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

"पर्यावरण एनओसी, ईसी और राजस्व एनओसी से जुड़े दस्तावेज देखने के बाद ही स्थिति स्पष्ट कर पाऊंगा।"

- **भरत साहू,** ईंट भट्ठा संचालक प्रतिनिधि

## जेवरा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल में दिलाया स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सत्र 2025-26 के अंतर्गत बिलासपुर में 4 से 8 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (17 वर्ष आयु वर्ग) सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 18 राज्यों की टीमें शामिल हुईं। बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने बिहार, गुजरात, तेलंगाना एवं पंजाब की टीमों को पराजित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया, जहां महाराष्ट्र की सशक्त टीम को 4-2 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

> ■ बालक-बालिका दोनों वर्ग में छत्तीसगढ़ ने किया प्रदेश का नाम रोशन

वहीं बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने तेलंगाना, राजस्थान एवं हरियाणा की टीमों को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर को मात देने के बाद फाइनल मुकाबले में सीबीएसई डब्ल्यूएसओ की टीम को रोमांचक मुकाबले में 05-03 से पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। पूरी प्रतियोगिता के दौरान बेमेतरा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जेवरा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक विजेता टीम में जेवरा स्कूल के पल्लवी साहु, सरिता निषाद, रेशमा साहु, सुकृति साहु, कोमल पाटिल, राजू निषाद एवं विशेष साहु शामिल रहे।

### इन्होंने दी शुभकामनाएं

राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर जेवरा स्कूल एवं बेमेतरा जिले का नाम गौरवान्वित करने पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ▶▶| शेष पेज 9 पर

## गुरुकुल में हुआ मातृ-पितृ पूजन एवं वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

झाल नवागढ़ में स्वामी विवेकानंद गुरुकुल विद्यालय के तत्वावधान में मातृ-पितृ पूजन एवं वार्षिक उत्सव सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य दिलहरण साहू सहित शिक्षक हितेश, हस्ती, गोकुल, लवकुमार, राममिलन, उबरन दास, कलावती, आरती एवं विद्या उपस्थित रहीं। अवसर पर भाजपा नेता मिंटू बिसेन, फागराम साहू, सत्यम ताम्रकार सहित अन्य अतिथिगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में स्नेह मिलन के माध्यम से विद्यालय, अभिभावकों एवं ग्राम समुदाय के बीच आपसी समन्वय और आत्मीयता का संदेश दिया गया।

## लोक कला महोत्सव व रंग महोत्सव में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत बोरिया, सिलघट एवं लावातरा में जय मां शारदा सेवा एवं झांकी मंडली तथा विभिन्न समितियों द्वारा लोक कला महोत्सव एवं रंग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि लोक कला महोत्सव एवं रंग महोत्सव हमारी धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र है। ऐसे आयोजनों से गांवों में भाईचारा, एकता एवं सामाजिक समरसता को मजबूती मिलती है। लोक कला, जस गायन और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हमारी संस्कृति और विरासत को संजोया जाता है। उन्होंने कहा कि रंग महोत्सव विशेषकर सतनाम समाज की सांस्कृतिक चेतना को आगे बढ़ाने का माध्यम है।

इन आयोजनों से न केवल आपसी सौहार्द बढ़ता है, बल्कि गांवों में उत्सवपूर्ण वातावरण एवं रौनक भी आती है। शक्ति की आराधना पूरे विश्व में की जाती है और आज हमारे ग्रामों में उसी शक्ति की उपासना हो रही है, जो अत्यंत हर्ष का विषय है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रवि परगनिहा, सुमित राजपूत, शुभम वर्मा, सीमा टिकरिहा, हिरेंद्र बघेल, ओनी महिलांग, मनीष बंजारे, रामसिंग गायकवाड, खेमलाल वर्मा, प्रवीणचंद सुराना, जोईधा राम वर्मा, संदीप टिकरिहा, लोकनाथ यादव, परमेश्वर निषाद, नकुल निषाद, कुंजलाल निषाद, कुंभकरण विश्वकर्मा, तोरण सेन, रामकिशुन वर्मा, जगदीश रावत, दयाराम वर्मा, बिरऊ निषाद, लाला वर्मा, लखन निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बेमेतरा में शिक्षक सम्मेलन एवं वार्षिक कैलेंडर विमोचन का भव्य आयोजन

## शिक्षा से संस्कार, शिक्षक से समाज का निर्माण होता है : विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन, जिला बेमेतरा के तत्वावधान में शिक्षक सम्मेलन एवं वार्षिक कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इसके पश्चात जिले के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समूचे आयोजन को जीवंत बना दिया। गायन-वादन, काव्य पाठ, नृत्य एवं सहभागितात्मक गतिविधियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन-वादन में जलेश्वर, डोमन साहू, धनेश रजक एवं लेखा रजक ने प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। कवि सम्मेलन में सुनील शर्मा, ईश्वर साहू, जलेश्वर दास मानिकपुरी एवं दिलीप पटेल ने काव्य पाठ से खूब तालियाँ बटोरीं। नृत्य प्रस्तुति में श्रीमती भावना टंडन एवं छगन साहू ने मनमोहक प्रदर्शन किया। वहीं सुकन्या राजपूत, मनीषा कौशल सहित अन्य शिक्षिकाओं द्वारा कराई गई रोचक गतिविधियों ने पूरे सभागार को सहभागी बना दिया। **राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिकाओं का अभिनंदनः** फेडरेशन द्वारा जिले की राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिकाओं—ज्योति बनाफर, हिमकल्याणी सिन्हा, सुनीता राजपूत—सहित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।



### शिक्षक सदन की मांग एवं घोषणा

स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष पोखन साहू ने बेमेतरा में "शिक्षक सदन" की मांग रखते हुए विधायक को मांग पत्र सौंपा। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बसंत कौशिक एवं प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने शिक्षकों पर बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्यों का उल्लेख करते हुए शिक्षकों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने अपने शिक्षक जीवन को स्मरण करते हुए कहा कि शिक्षक केवल विषय नहीं पढ़ाता, वह जीवन गढ़ता है। शिक्षा से संस्कार और शिक्षक से समाज का निर्माण होता है। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं और अपेक्षाओं को गंभीरता से समझते हुए आश्वस्त किया कि प्रत्येक जायज मांग को सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने बेमेतरा में शिक्षक सदन की घोषणा कर शिक्षकों को बड़ी सौगात दी, जिसका उपस्थितजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

### वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

मंचस्थ अतिथियों द्वारा फेडरेशन के वार्षिक कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया गया। साथ ही शिक्षकों के हित, शिक्षा की गुणवत्ता एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र राठौर, अश्वनी कुर्रे (कार्यकारी प्रांताध्यक्ष), बीईओ बेमेतरा कामिनी महिलांग एवं बीआरसी राजेंद्र साहू उपस्थित रहे।

## मोहतरा में जैतखाम का अपमान, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज. साजा

ग्राम मोहतरा में शनिवार की रात जैतखाम के अपमान के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सुबह समाज की लोग थाने में पहुंचकर मामले की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।

जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहतरा निवासी लोकेश साहू ने शनिवार की रात 9 बजे सूरज भारती के घर के सामने बने जैतखाम का अपमान किया और विरोध करने पर उसके दो साथी यशु ठेठवार रमन लोधी ने जातिगत गालियां दी। घटना के बाद से ही गांव में आक्रोश फैल गया। जिसके बाद पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है।

